प्रतियोगिता | आक्शन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट महामुकाबले का सातवां दिन, दूसरे मैच में दीपेश बने मैन ऑफ द मैच तो प्रकाश को मिली हेट्रिक

# पत्रकार टाईगर्स ने डीएस-11 को 8 विकेट से हराया



**सिवनी नवभारत।** सिवनी-बालाघाट मार्ग पर डूंडा सिवनी के एमसीजी मैदान में चल रही डीएसओपीएल 2025 जहां ओपन और वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट अपने चरम पर है। नगर इस ऐतिहासिक मैदान में खेले जा रहे मैचों की श्रृंखला में सातवें दिन वैटरन वर्ग का पहला मैच डीएस 11 और पत्रकार टाईगर्स के बीच खेला गया। पत्रकार टाईगर्स के आनर नन्दन श्रीवात्री, वाहिद खान, संयोजक अजय सनोडिया, डॉ सत्या, धनेन्द्र अंगारे और कप्तान नीरू निर्मलकर की रणनीति के चलते टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लेते हुए छ्स 11 को आमंत्रित किया।

सातवें दिन के पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 84 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए टीम पत्रकार टाईगर्स को 85 रनों लक्ष्य दिया। डीएस 11 की ओर अप्पू बघेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 16 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली वहीं ताबड़तोड़ बल्लेबाज विनय शरणागत ने 8 गेंदों का सामना करते हुए टीम के लिए 14 रन जोड़े। वहीं पत्रकार टाईगर्स की ओर से समझदारी भरी गेंदबाजी करते हुए अजय अवधिया, नीरू निर्मलकर और दिनेश नामदेव ने एक-एक विकेट लिए वहीं सिराज कुरेशी ने अपने दो ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट झटके।

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकार टाईगर्स के ओपनर बल्लेबाजों की जोड़ी में नीरू निर्मलकर और आसिफ खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 43 रन जोड़े जहां आसिफ खान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों में 25 रन बनाए जिसमें 4 बाउंड्री के साथ 1 छक्का भी लगाया अगली बाल में गलत शाट खेलते हुए बाउंड्री में अपना कैच थमा बैठे उनके स्थान पर आए अहसान भाई ने भी तेज बल्लेबाजी करते हुए 12 गेंदों पर 1 चौंका 1 छक्का की मदद से 16 रनों की पारी खेली। ओपनर बल्लेबाज के रूप में आए नीरू निर्मलकर ने 23 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर नाक आउट रहे। इस तरह टीम पत्रकार टाईगर्स ने अपने तीसरे मुकाबले में डीएस 11 को 8 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए विजयश्री हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच नीरू निर्मलकर रहे।

वहीं दूसरा मुकाबला आरएस 11 और पटेल 11 के बीच खेला गया आरएस 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 136 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पटेल 1 महज़ 51 रनों पर ही सिमटकर रह गई। शमीम खान ने शानदार बल्लेबाजी की वहीं दीपेश ने अपना इस टूर्नामेंट का पहला अर्धशतक जड़ा और इसी मैच में टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक भी बनी जिसमें प्रकाश श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। इस तरह दूसरा मैच आरएस 11 ने 85 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया। दीपेश तिवारी को जन्म शानदार बल्लेबाजी और 51 रनों की पारी खेलने के लिए मैन ऑफ़ द मैच मिला।

एमसीजी मैदान में खेले जा रहे डीएसओपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को गौतम डिजिटल यूट्यूब के माध्यम से सभी को तथा स्थान घरों तक लाइव प्रसारण दिखा जा रहा है और उनका सहयोग संगम डीजे के मालिक बाबू खान और उनकी पूरी टीम कर रही है एमसीजी कमेटी डूंडा सिवनी के सभी पदाधिकारी प्रतिदिन मैचों का आनंद लेने आ रहे दर्शकों एंव खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करती है और वहीं अपना अमूल्य समय निकालकर मैचों का आनंद लेने खिलाड़ियों में उत्साह प्रदान करने पहुंच रहे गणमान्य नागरिकों में इरफान पटेल अरुण यादव, नन्दन श्रीवात्री, नफीस खान, गन्नू माना ठाकुर, अनिल जायसवाल, आसिफ पटेल, शोएब खान, आसिफ लाल, संजय ठाकरे, भीम भैया, कुलदीप अग्रवाल, आशीष टिंकू ठाकरे, अयोध्या विश्वकर्मा, वाहिद खान, सुशील ठाकुर, सतीश चिंटोले ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट की सराहना करते हुए डीएसओपीएल क्रिकेट प्रीमियर जो कि शहर में पहली बार ऑक्शन के माध्यम से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह उमंग और खुशी की लहर दौड़ा रही है वहीं दर्शकों में प्रसन्नता झलक रही है। एमसीजी कमेटी के महत्वपूर्ण सदस्य अरविंद राय, आरिफ खान, रवि कटरे, डॉ नितिन कटरे, विक्रांत पांडे, नीलू वंशकार, देवी सिंह, यूके, अनूप मिश्रा, आतिफ खान, महेंद्र जाटा, राकेश यादव, एडवोकेट सतीश यादव, बृजेश मालवीय, नीलू वंशकार, जय ठाकुर, रहीम खान, बृजेश मालवीय, बल्लू टाइगर सहित सभी एमसीजी टीम और कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहकर इस आयोजन को भरपूर सहयोग करते हुए सफल बना रहे हैं।



# इंटर स्टेट कराते चैंपियनशिप का समापन



**सिवनी नवभारत।** जिला कराते संघ सिवनी एवं टी.एस. शोतोकान कराते डू एसोसिएशन म.प्र. के तत्वावधान में 38वी इंटरस्टेट कराते चैंपियनशिप का आयोजन 25-26 दिसंबर को, माउंट लिटेरा स्कूल में किया गया।

मुख्य प्रशिक्षक शिहांन ओमकार कश्यप ने बताया कि इस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र से लातूर, वाशिम, नाशिक, नागपुर, वर्धा एवं म.प्र. से मंडीदीप, सौसर, छिंदवाड़ा, रायसेन, पांढुर्ना, बालाघाट, सिवनी सहित 450 कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सर्वाधिक मेडल सिवनी जिले को मिले, द्वितीय स्थान बालाघाट एवं तृतीय स्थान वाशिम महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ। चैंपियनशिप का शुभारंभ 25 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गुरनंद सिद्धू सर, कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, विशेष अतिथि श्रीमती मकसूद मिर्जा, विशेष अतिथि के.के. यादव एवं 26 दिसंबर के अध्यक्ष दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी, मुख्य अतिथि श्रीमान डॉ. सुनील अग्रवाल जी, विशेष अतिथि अंकित मालू, विशेष अतिथि सुजीत जैन के करकमलों द्वारा समस्त विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया एवं समस्त कोच ऑफिशियल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं भव्य स्वागत किया गया समस्त अतिथियों को शिहांन ओमकार कश्यप द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया सभी लोगों ने सफल आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 33 वर्षों की सेवाओं के बाद शिक्षक खान हुए सेवानिवृत्त



**सिवनी नवभारत।** शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले खान सर की शासकीय सेवाओं के 33 वर्ष पूर्ण होने पर माध्यमिक शाला शनाई डोंगरी में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं युवा भाजपा नेता मुकेश डेहरिया ने खान सर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लंबा शैक्षणिक सफर खान सर ने पिछले 33 वर्षों के दौरान सिहोरा, शनाई डोंगरी और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की शालाओं में अपनी सेवाएं दीं। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पूरे 33 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने बिना किसी विवाद या मतभेद के अपना कर्तव्य निभाया। खान सर द्वारा शिक्षित कई छात्र आज विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो उनकी मेहनत और सही मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष परिणाम है। विदाई के क्षणों में ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्रों ने नम आंखों से उन्हें विदा किया। एक शिक्षक का सबसे बड़ा सम्मान उसके छात्रों की सफलता होती है। खान सर ने न केवल साक्षरता फैलाई, बल्कि समाज को अनुशासित नागरिक भी दिए

# अभियान : कोई युवा छूट न जाए, हर युवा कॉलेज में आये

गाँव,कस्बों और शहर में कॉलेज चलो अभियान की धूम

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश के युवाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को कॉलेज शिक्षा से जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस की टीम गाँव, कस्बों और शहर में व्यापक भ्रमण कर %कॉलेज चलो अभियान% की धूम मचा रही है. मध्यप्रदेश में हर साल कॉलेजों में प्रवेश देने के पहले हायर सेकेंडरी स्कूलों में कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है.

अभियान टीम ने नोडल अधिकारी डॉ मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में गोपालगंज और कातलबोड़ी कस्बों के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण किया. टीम ने स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद कर सत्र 2026-27 में कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया. अभियान दल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से विद्यार्थियों को परिचित कराया और बैचलर डिग्री के मेजर, माइनर, एमडीसी तथा वोकेशनल विषयों के बारे में बताया. फील्ड प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एक्जिट के बारे में विस्तार से बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन आयामों से भी अवगत कराया.

कॉलेज चलो अभियान टीम के डॉ जैन कुमार पंचेश्वर ने विद्यार्थियों से कहा कि उच्च शिक्षा हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनती है. कहा कि सफल और कामयाब करियर का निर्माण उच्च शिक्षा से संभव होता है. उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप, आवास योजना, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना से विद्यार्थियों को अवगत कराया. डॉ. संतलाल डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की शिक्षा दी जाती है. बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जरिये विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, सेमिनार और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।कॉलेज चलो अभियान दल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया तथा उच्च शिक्षा विभाग की कैरियर योजनाओं की जानकारी दी. अभियान के दौरान, शिक्षकों सहित सभी विद्यालयों के प्राचार्य और हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए. डॉ. मुन्नालाल चौधरी ने कॉलेज चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालयों के प्रति आभार जताया.



दुकान नहीं, जीवनभर का भरोसा खरीदिए
7049325000
Email: admin@soodinfra.com Visit our Project: @ SNC Mall, near Satija Petrol Pump, Chandangaon, Nagpur – Chhindwara Road, Chhindwara – 480001